सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिए करना

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 5, अगस्त 01, 2026 के लिए

(1 कुरिन्थियों 10:31)
“इसलिये तुम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो कुछ करो, सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिये करो।“

1 कुरिन्थियों अध्याय 7 से प्रारम्भ करते हुए, पौलुस उन अनेक प्रश्नों का उत्तर देना आरम्भ करता है जो कुरिन्थियों ने उसे पत्र के द्वारा भेजे थे (1 कुरिन्थियों 7:1ए)।

इसी कारण, यद्यपि अध्याय 8 से 10 मुख्य रूप से मूर्तिपूजा के विषय से संबंधित हैं, फिर भी पौलुस इनके बीच कुछ ऐसे विषयों को भी सम्मिलित करता है जिनका इस विशेष पाप से प्रत्यक्ष संबंध दिखाई नहीं देता।

फिर भी, वह प्रत्येक विषय में एक समान सूत्र को बनाए रखता है—प्रेम और परस्पर सम्मान, जिन्हें कलीसिया को एकता की ओर ले जाना चाहिए।

इसी विचार के साथ, पौलुस इस आवश्यकता पर भी बल देता है कि कलीसिया में या व्यक्तिगत जीवन में जो कुछ भी किया जाए, वह सब परमेश्वर की महिमा के लिए किया जाए।

1 कुरिन्थियों 8

मूर्तियों के आगे चढ़ाया गया भोजन

(ज्ञान और प्रेम)

1 कुरिन्थियों 9

पौलुस ने अपने अधिकारों का त्याग किया

(सुसमाचार के अधिकार)

1 कुरिन्थियों 10:1-13

मूर्तिपूजा के विरुद्ध चेतावनी

(अतीत से मिलने वाली शिक्षाएँ)

1 कुरिन्थियों 10:14-22

प्रभु का कटोरा और दुष्टात्माओं का कटोरा

(मूर्तिपूजा का त्याग करो)

1 कुरिन्थियों 10:23-33

सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिए करो

(क्या वैध है और क्या उचित है)

ज्ञान और प्रेम

1 कुरिन्थियों 8 (मूर्तियों के आगे चढ़ाया गया भोजन)

"परतु ज्ञान घमण्ड उत्पन्न करता है, परन्तु प्रेम से उन्नति होती है।"
(1 कुरिन्थियों 8:1बी)

पौलुस कलीसिया को दो समूहों में "विभाजित" करता है: "बलवान" और "निर्बल"।

1 कुरिन्थियों 8:4-7ए	**बलवान:** वे समझते हैं कि मूर्तियाँ कुछ भी नहीं हैं, क्योंकि केवल एक ही सच्चा परमेश्वर है।	**निर्बल:** वे अभी तक इस सत्य को पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं।
1 कुरिन्थियों 8:7बी	**बलवान:** वे मूर्तियों के आगे बलि की हुई वस्तु खाते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि मूर्तियाँ कुछ भी नहीं हैं और वे भोजन को अशुद्ध नहीं कर सकतीं।	**निर्बल:** वे मानते हैं कि यदि वे ऐसी वस्तु खाएँगे, तो वे पाप करेंगे।

परन्तु बलवान अपने ज्ञान और उदाहरण के द्वारा निर्बलों के ठोकर खाने का कारण बन सकते हैं (1 कुरिन्थियों 8:10)। इसलिए अपने भाई के प्रति प्रेम के कारण बलवान को अपने अधिकार का संयमपूर्वक उपयोग करना चाहिए (1 कुरिन्थियों 8:11-13)।

जब हमारा ज्ञान विकास की प्रक्रिया में चल रहे "निर्बल" भाई के लिए ठोकर का कारण बन सकता हो, तब मसीहियों को ज्ञान से पहले प्रेम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सुसमाचार के अधिकार

1 कुरिन्थियों 9 (पौलुस ने अपने अधिकारों का त्याग किया)

"इसी रीति से प्रभु ने भी ठहराया कि जो लोग सुसमाचार सुनाते हैं, उनकी जीविका सुसमाचार से हो।"
(1 कुरिन्थियों 9:14)

पौलुस ने निर्बलों के प्रति प्रेम के कारण कम-से-कम तीन अधिकारों का त्याग किया:

* **कलीसिया से भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार (1 कुरिन्थियों 9:4)**
  - पौलुस ने प्रेरित होने के नाते उस अधिकार का त्याग किया कि जिन कलीसियाओं में वह सेवा करता था, वे उसका भरण-पोषण करें, जैसा कि अन्य प्रेरितों के साथ होता था।

* **अपनी पत्नी को साथ रखने का अधिकार (1 कुरिन्थियों 9:5)**
  - प्रेरितों के बीच सामान्य प्रथा यह थी कि वे अपनी पत्नियों को अपने साथ यात्रा पर ले जाते थे, ताकि वे उनकी देखभाल करें और उनकी सेवकाई में सहयोग दें। ऐसी पत्नी को भी, अपने पति की तरह, कलीसिया से भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार था।

* **सामान्य जीविका के लिए श्रम न करने का अधिकार (1 कुरिन्थियों 9:6)**
  - पौलुस ने अपनी आजीविका स्वयं कमाने का निश्चय किया, ताकि कोई यह न समझे कि वह अपने श्रोताओं से लाभ उठाना चाहता है, और ताकि वह उन्हें निःस्वार्थता का एक जीवित उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

यद्यपि यीशु ने स्पष्ट रूप से सिखाया था कि जो लोग सुसमाचार का प्रचार करते हैं, उन्हें अपनी जीविका सुसमाचार के कार्य से प्राप्त करनी चाहिए, फिर भी पौलुस और बरनबास ने विश्वासियों के मार्ग में कोई बाधा न आने देने के लिए स्वेच्छा से इस अधिकार का त्याग कर दिया (1 कुरिन्थियों 9:12-14; लूका 10:7)।

अतीत से मिलने वाली शिक्षाएँ

1 कुरिन्थियों 10:1-13 (मूर्तिपूजा के विरुद्ध चेतावनी)

"और न तुम मूर्तिपूजक बनो, जैसे कि उनमें से कितने बन गए थे, जैसा लिखा है, "लोग खाने–पीने बैठे, और खेलने–कूदने उठे।" (1 कुरिन्थियों 10:7)

निर्गमन का अनुभव, जब आत्मिक दृष्टि से समझा जाए, तो हमारे अपने अनुभव के समानांतर है। लाल समुद्र को पार करना हमारे बपतिस्मे की वाचा के समान है (1 कुरिन्थियों 10:1-2)।

उन्होंने जंगल में जो भोजन और पेय ग्रहण किया, वह हमारे प्रभु भोज में सहभागिता के समान है, जहाँ हम आत्मिक रूप से यीशु के शरीर और लहू में सहभागी होते हैं (1 कुरिन्थियों 10:3-4)।





सावधान रहें! इतने महान अनुभवों के बावजूद इस्राएली मूर्तिपूजा और व्यभिचार सहित अनेक घोर पापों में गिर पड़े। ऐसा हमारे साथ न होने पाए! (1 कुरिन्थियों 10:5-10)

इसी कारण प्रेरित इस भाग का समापन इस प्रभावशाली चेतावनी के साथ करता है: "इसलिये जो समझता है, "मैं स्थिर हूँ," वह चौकस रहे कि कहीं गिर न पड़े।" (1 कुरिन्थियों 10:12)

मूर्तिपूजा का त्याग करो

1 कुरिन्थियों 10:14-22 (प्रभु का कटोरा और दुष्टात्माओं का कटोरा)

"इस कारण, हे मेरे प्रियो, मूर्तिपूजा से बचे रहो।" (1 कुरिन्थियों 10:14)



यदि मूर्तियों के आगे चढ़ाया गया भोजन बिना किसी चिंता के खाया जा सकता है, तो फिर पौलुस 1 कुरिन्थियों 10:20 में उसके विरुद्ध सलाह क्यों देता हुआ प्रतीत होता है?

बिना किसी अपराधबोध के अपने घर में मांस खाना एक बात है, और किसी सार्वजनिक उत्सव में, जहाँ मूर्तियों की उपासना की जा रही हो, उसे खाना बिल्कुल दूसरी बात है। ऐसे समारोहों में भाग लेने से विश्वासी अपने विश्वास से समझौता करता है और मूर्तिपूजा में सहभागी हो जाता है।

जिस प्रकार प्रभु भोज में सहभागी होने से हम मसीह की देह अर्थात् कलीसिया के सहभागी बनते हैं, उसी प्रकार मूर्तिपूजा के अनुष्ठानों में भाग लेने से हम दुष्टात्माओं के साथ सहभागी बन जाते हैं (1 कुरिन्थियों 10:16-20)।

हम एक ही समय में प्रभु भोज का कटोरा पीकर यीशु की स्तुति नहीं कर सकते और साथ ही उस कटोरे में भी सहभागी नहीं हो सकते जो दुष्टात्माओं का सम्मान करता है (1 कुरिन्थियों 10:21)।

क्या वैध है और क्या उचित है

1 कुरिन्थियों 10:23-33 (सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिए करो)

"इसलिये तुम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो कुछ करो, सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिये करो।" (1 कुरिन्थियों 10:31)

"सब वस्तुएँ मेरे लिये उचित तो हैं, परन्तु सब लाभ की नहीं।" (1 कुरिन्थियों 10:23) पौलुस इसके दो व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करता है:

कसाई की दुकान पर ऐसा मांस भी बिकता था जो मूर्तियों के आगे चढ़ाया गया था और ऐसा भी जो नहीं चढ़ाया गया था। विश्वासी को उसके विषय में पूछताछ नहीं करनी थी, ताकि यह आभास न हो कि वह ऐसे मांस को खाना अनुचित मानता है (1 कुरिन्थियों 10:25)।

यदि कोई अविश्वासी किसी विश्वासी को भोजन के लिए आमंत्रित करे, तो विश्वासी बिना किसी प्रश्न के भोजन करे (क्योंकि उसके लिए सब कुछ उचित है)। परन्तु यदि मेज़बान यह बताए कि यह मांस किसी मूर्ति के आगे चढ़ाया गया है, तो मेज़बान के विवेक का ध्यान रखते हुए विश्वासी के लिए उस मांस को न खाना उचित होगा (1 कुरिन्थियों 10:27-29)।

इन निर्देशों के पीछे दो मूल सिद्धान्त हैं: प्रत्येक बात में परमेश्वर की महिमा करना (1 कुरिन्थियों 10:31), और दूसरों के हित की खोज करना (1 कुरिन्थियों 10:24, 32)।

अर्थात्, परमेश्वर से सबसे बढ़कर प्रेम करना और अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम करना (जैसा यीशु ने उस धनी युवक को सिखाया था)।

“प्रेरित ने कुरिन्थियों को चेतावनी देते हुए कहा, ‘इसलिये जो समझता है, “मैं स्थिर हूँ,” वह चौकस रहे कि कहीं गिर न पड़े।’ यदि वे घमण्डी और आत्मविश्वासी बन जाते, और चौकसी तथा प्रार्थना की उपेक्षा करते, तो वे घोर पाप में गिर पड़ते और अपने ऊपर परमेश्वर का क्रोध ले आते। [...]

पौलुस ने अपने भाइयों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने आप से पूछें कि उनके शब्दों और कार्यों का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, और ऐसा कुछ भी न करें जो स्वयं में चाहे निर्दोष ही क्यों न हो, परन्तु मूर्तिपूजा को बढ़ावा देता हुआ प्रतीत हो या विश्वास में निर्बलों के विवेक को ठेस पहुँचाए। ‘इसलिये तुम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो कुछ करो, सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिये करो। तुम न यहूदियों, न यूनानियों, और न परमेश्वर की कलीसिया के लिये ठोकर के कारण बनो।’”

ई जी व्हाइट (प्रेरितों के काम, पृष्ठ 316)